फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री रामचन्द्र सुथार नि. वार्ड नं. 13 भीलवाड़ा तहसील भीलवाड़ा जिला राजसमन्द — **अपीलार्थी**

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार खमनोर जिला राजसमन्द — **प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा—अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 21/2023**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 26.06.2023 पत्रावली पेश हुई । अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार खमनोर से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम ऑनलाईन अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार खमनोर को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया । लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार खमनोर द्वारा जरिये क्रमांकः RTI /2023/190 दिनांक 06.06.2023 से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार अर्पीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना में से बिन्दु संख्या 01 की सूचना तहसीलदार खमनोर द्वारा दिनांक 06.06.2023 को उपलब्ध करा दी गई है तथा बिन्दु संख्या 2 की सूचना विस्तृत होने से कार्यालय समय में उपस्थित होकर कार्यालय में उपलब्ध रिकार्ड का अवलोकन कर नियमानुसार सूचना प्राप्त करने हेतु अपीलार्थी को लिखा जा चुका है। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार खमनोर की रिपोर्ट तथा अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया। तहसीलदार खमनोर द्वारा पत्रांकः 190 दिनांक 06.06.2023 द्वारा अपीलार्थी को बिन्दु संख्या 01 की सूचना उपलब्ध करा दी जाने तथा बिन्दु संख्या 2 की सूचना विस्तृत होने से कार्यालय समय में उपस्थित होकर कार्यालय में उपलब्ध रिकार्ड का अवलोकन कर नियमानुसार सूचना प्राप्त करने हेतु अपीलार्थी को सूचित किये जाने से उक्त अपील इसी स्टेज पर निर्णित की जाती है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार खमनोर को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** **लोक सूचना अपीलीय अधिकारी** **(जिला कलक्टर) राजसमंद**	न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)